पाठ 20. हमारा भारत

पाठ का परिचय

हरे-भरे मैदानों से भरा हमारा यह देश सुख की खान है। यह देश दूसरों को ज्ञान की रोशनी देता है। हमारा देश आने वाली सभी मुसीबतों से लड़ने वाला वीरों का देश है। हमारा देश सबसे धनवान है। इसने पूरे विश्व को शांति का संदेश दिया है। यह देश इतना बलवान है कि अनेक दुखियों के दुख हर लेता है। इस देश में ऐसे महान लोग हुए हैं जिन्होंने संसार को सत्य और अहिंसा का पाठ पढ़ाया। हमारे देश में अनेक गुणवान लोगों ने जन्म लिया है। हमारा देश बहुत महान है।

कविता में निहित जीवन-मूल्य

हमारा देश सबसे महान है। हमारा देश अनेक विशेषताएँ लिए हुए है। हमें अपने देश पर गर्व होना चाहिए। इस देश में अनेक ऐसे लोग हुए हैं, जिन्होंने संसार को अनेक संदेश दिए हैं। हमें भी अपने प्रयत्नों से देश का मान बढ़ाना चाहिए।

पाठ का वाचन

कक्षा में दो-तीन बार कविता का सस्वर पाठ करें। बच्चों से भी एक साथ मिलकर कविता पाठ करने को कहें। उच्चारण की शुद्धता पर विशेष ध्यान दें। कविता को किस प्रकार उतार-चढ़ाव के साथ पढ़ा जाना चाहिए, यह सिखाएँ। अब कुछ बच्चों को युगलगान के रूप में इस कविता को कक्षा में सुनाने को कहें। कठिन शब्दों के अर्थ बताएँ। कविता का सरलार्थ भी बताएँ।

महत्वपूर्ण चर्चा

बच्चों से निम्नलिखित प्रश्नों पर आधारित चर्चा कक्षा में करें –

- हरे-भरे मैदानों वाला देश कौन-सा है?
- भारत देश को शांति का दूत क्यों कहा जाता है?
- सत्य-अहिंसा का पाठ हमें किसने पढ़ाया?
- भारत देश को महान क्यों कहते हैं?